## सार-समाचार

### अनंत चतुर्दशी आज, होंगे अनुष्ठान

**डूंगरपुर,** (निसं) जिले सहित ग्राम्यांचलो में दस दिवसीय गणेशोत्सव भक्ति भाव, पूजा अर्चना के साथ ही विविध होमात्मक अनुष्ठानों को पूर्ण करते हुए मंगलवार को संपन्न होगा। पर्व के अंतिम दिन आज शहर सहित जिले के विविध क्षेत्रों में उल्लास के साथ माय फ्रेंड गणेशा को विदाई देते हुए गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। जिसको लेकर जिला प्रशासन ने भी अपनी तैयारियां पूर्ण कर ली है। पर्व के अंतिम दिन युवा मंडलों द्वारा पांडाल में गणेश प्रतिमा को आकर्षण के केंद्र में संजोया तो वही पंडालों को आकर्षक विद्युत सज्जा के साथ ही झाकियों का रूप देकर पंडाल में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को टकटकी लगाने पर विवश कर दिया तो वहीं झाकियों को श्रद्धालुओ ने अपने कैमरे में भी कैद किया। पर्व के अंतिम दिवस मंडलों में भगवान पार्वती नंदन को 56 भोग धाराएं गए तो वही पांडलों में महाआरती का भी आयोजन किया गया। शहर में आज गणेश प्रतिमाओ की शोभायात्रा निकलेगी जो की हाउसिंग बोर्ड से प्रारंभ होकर पत्रकार कॉलोनी, शास्त्री कॉलोनी, विजयगंज कॉलोनी, तहसील चौराहे पहुंचेगी जहा प्रतापनगर, न्यू कॉलोनी, सिंधी कॉलोनी की प्रतिमा शामिल होगी जहा से प्रतिमा गेपसागर की पाल होती हुई, लाभ गणेश, कंसारा चौक, सोनिया चौक, घूमता बाजार, माणक चोक, फोज का बडला होकर घाटी पहुंचे जहा से शोभायात्रा हनुमत पोल, वखारिया चौक, होती हुई दर्जी वादा, कानेरा पोल, मोची बाजार होती हुई पुराना अस्पताल होकर तहसील चौराहे होते हुए दो नदी पहुंचेगी जहां। प्रतिमाओं को जयघोष और पूजा अर्चना के साथ ही विसर्जित किया जाएगा। अंनत चतुर्दशी के अवसर पर महिलाओं द्वारा घर परिवार के सुख समृद्धि की कामनाओं के साथ विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का दौर दिन भर चलेगा। मंगलवार को प्रात: से ही बडी संख्या में ठाामीण क्षेत्रों से जनजाति क्षेत्र की महिलाएं, बालिकाएं, युवक व पुरूष पूजा सामठाी लेकर फौज का बड़ला स्थित रणछोड़ मंदिर व महादेव मंदिर पहुंच पूजन कर अनंत चतुर्दशी का रक्षा सूत्र धारण करेंगी।

### योग व तीरंदाजी प्रतियोगिता शुरु

**बांसवाड़ा,** (निसं)। छोटी सरवन ब्लॉक के राउमावि हरनाथपूरा में तीरंदाजी एवं योग की 68वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। अतिथियों का स्वागत करते हुए सीबीईओ गायत्री स्वर्णकार ने कहा कि दुर्गम रास्तों से हरनाथपुरा स्कूल तक पहुंचना ही खिलाडियों का खेलों के प्रति समर्पण दिखाता है। मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री धनसिंह रावत ने कहा कि गुरु के प्रति श्रद्धा और एकाग्रता से ही सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिट इंडिया कार्यक्रम चलाया हैअगर प्रतिदिन योग करेंगे तो और अधिक फिट रहेंगे। पहले घरों में, खेतों में लोग मेहनत करते थे इसलिए व्यायाम हो जाता था लेकिन अब श्रम कम हुआ है इसलिए योग सभी के लिए अत्यंत आवश्यक है। आप मजबूत होंगे तो राष्ट्र मजबूत होगा, पढ लिखकर, खेलों में आगे आकर मजबूत बने और जिले सहित देश का नाम रोशन करें। पूर्व प्रधान राजेश कटारा ने कहा कि योग दिवस को पूरे विश्व में मनाया जाने लगा जो पीएम मोदी के प्रयासों का परिणाम है। अभाव वाले क्षेत्र में इतना अच्छा आयोजन हो रहा है ये गर्व की बात है। हकरू मईडा ने कहा कि जिले से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बहुत से तीरंदाज गए हैं इस टूर्नामेंट से भी ऐसे खिलाडी निकलेंगे ऐसी आशा है। कार्यक्रम अध्यक्ष लाभचंद पटेल ने खिलाडियों को शपथ दिलवाई। प्रतियोगिता परिचय देते हुए जनरल रेफरी हरीसिंह खडिया ने बताया कि योग में 87 व तीरंदाजी में 67 खिलाडी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम को पूर्व राज्यमंत्री दलीचंद मईडा, उपप्रधान मनोहर खडिया, धीरजमल गणावा ने भी संबोधित किया।

### धोखे से मकान हड़पा, मामला दर्ज

**उदयपुर,** (कासं)। गोगुन्दा थाना पुलिस ने दो भाइयों व सरपंच व सचिव के खिलाफ धोधाधड़ी से पीड़ित का पैतृक मकान हड़पने का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित हिम्मतलाल पुत्र कन्हैयालाल जैन निवासी मचिन्द थाना खमनोर राजसमन्द हॉल बड़ोदरा गुजरात ने आरोपी तुला निवासी छगनसिंह पुत्र किशनसिंह तथा किकासिंह पुत्र किशनसिंह पटवारी भाई उदयसिंह के अलावा ग्राम पंचायत तुला के तत्कालीन सरपंच तुलसीराम तथा सचिव उदयपुर निवासी मोहनलाल सिंधी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। पीड़ित ने बताया कि तुला गांव में हमारी पैतृक संपत्ति होकर मकान है। तीस वष पूर्व मैं गांव छोड़कर गुजरात काम करने चला गया था। इस दौरान मेरे तीन भाइयों में से एक भाई ने अपना हिस्सा छगनसिंह को बेचा था। उक्त दस्तावेजों के आधार पर आरोपियों ने मिलीभगत कर कूटरचित दस्तावेज से ग्राम पंचात से पट्टा जारी करवा पूरा मकान अपने नाम 20 दिसबर 2011 को करवा दिया, जबकि मैने किसी को मकान नहीं बेचा। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### दो जनों की संदिग्धावस्था में मौत

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के बड़गांव में स्थित विला में काम करने वाले कुक व उसके चचेरे भाई की संदिग्ध मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसर बड़गांव थाना क्षैत्र बरोड़ीया हाइवे पेट्रोल पंप के पिछे स्थित नव निर्मित विला का 7 सितंबर को उद्घाटन हुआ था। जहां पर खादरा नाउवा डबोक निवासी विक्रमसिंह (24) पुत्र उदयसिंह तथा उसके चचेरे भाई पप्पूसिंह (28) पुत्र सुरेशसिंह की संदिग्ध मौत हो गई। विला का निर्माण कार्य चल रहा था जहां पप्पूसिंह कुक का काम करता था। रात में अकेला होने से साथी काम करने के लिए चचेरे भाई विक्रमसिंह भी वहां बुला लिया। 15 सितंबर रात में विला में औधे मुंह गिरे पड़े थे। सवेरे काम पर आए पेंटर ने दोनों को नीचे पड़ा देख पुलिस को सूचना दी। इस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाश खटीक, बड़गांव थानाधिकारी पूरणसिंह, एएसआई रणजीतसिंह ने मौके पर पहुंचकर एफएसएल एवं फूड सेफ्टी दल को बुलवाकर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को परिजनों को बुलवाकर शव को एमबी चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया, जहां सोमवार को एएसआई रणजीतसिंह ने मृतकों को पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने पर ही चल पाएगा।

### ओजोन परत संरक्षण दिवस मनाया

**बांसवाड़ा,** (निसं)। वागड पर्यावरण संस्थान की ओर से ओजोन परत संरक्षण दिवस पर मोडर्न पब्लिक सीनियर सेकण्डरी स्कूल में क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस दौरान आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने ओजोन परत संरक्षण के लिए सामुहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। अध्यक्षता करते हुए संस्थान अध्यक्ष डॉ. दीपक द्विवेदी ने कहा कि ओजोन पृथ्वी की छतरी है इसके कारण ही धरती पर जीवन संभव है। ओजोन ऑक्सीजन के 3 परमाणु से मिलकर बना हुआ है। यह एक प्रकार की गैस है जो वायुमण्डल में बहुत कम मात्रा में पायी जाती है। समताप मण्डल में ओजोन पृथ्वी की सतह को जैविक रूप से हानिकारक परा बैगनी विकिरण से बचाता है। सूर्य की पराबैगनी किरणों के पृथ्वी पर सीधी आने से त्वचा सम्बन्धी रोग, त्वचा का कैंसर, समुद्री खतरा हो सकता है। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य अंजलि खरबन्दा ने कहा कि ओजोन के खतरे के प्रति जागरूकता के लिए 1995 से ओजोन परत संरक्षण दिवस मनाया जा रहा है। इसके संभावित खतरों को देखते हुए हमें प्रदूषण को नियत्रंण करना होगा। पेड-पौधों के संरक्षण के साथ हरियाली का विस्तार करना होगा। क्विज प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रस्तुति के लिए रूहानी निनामा, सुधांशु राठौड, साहिल यादव व राखी भोई को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में समता व्यास, भारती शर्मा, लालशंकर राणा सहित विद्यालय के शिक्षकों ने सहयोग प्रदान किया। संचालन कपिल पुरोहित ने किया।

### हादसे में युवक की मौत

**उदयपुर,** (निसं)। शहर के सविना थाना क्षैत्र में हुए सड़क हादसे में बाइक चालक की मौत हो गई तथा साथी घायल हो गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार सांय सविना थाना क्षैत्र डाकन कोटडा वन नाका के समीप बाइक फिसलने से डाउसिंह उर्फ खुमाण (39) पुत्र खुमाणसिंह रावत निवासी करातिया भीम राजसमन्द हॉल डाकन कोटड़ा की मौत हो गई तथा साथी पूंजीलाल पटेल घायल हो गया। डाउसिंह डाकन कोटड़ा स्थित जीआर अग्रवाल कंपनी में वेल्डर पद पर तथा पूंजीलाल चालक पद पर काम करता था। दोनों बाइक पर जयसमंद की तरफ जा रहे थे। जहां बीच रास्ते हादसा हो गया।

### अंबाजी में ध्वजा चढ़ाई

**बांसवाड़ा,** (निसं)। जिले का पूर्णिमा मंडल अंबाजी पदयात्रा संघ नागरवाडा का जत्था अंबाजी पहुंचा और भक्तिभाव के साथ ध्वजा चढाई। वासु नागर ने बताया कि 51 पदयात्रियों ने विभिन्न स्थानों से जुडते हुए 34वी अंबाजी पदयात्रा पूर्ण की। प्रतिवर्ष की भांति कुलदेवी मां अंबाजी को महाभोग का थाल अर्पित किया गया।

# गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ...

**राजसमंद,** (निसं)। जेसी ग्रुप की ओर से शहर के जलचक्की चौराहा पर गणेश चतुर्थी से आयोजित गणपति महोत्सव का समापन सोमवार को भव्य शोभायात्रा निकालकर जेसी के राजा गजानंद महाराज की विशाल प्रतिमा के विसर्जन के साथ किया गया। वहीं इससे पूर्व कार्यक्रम के अंतिम दिन रविवार रात को मेवाड के प्रसिद्ध लोकनृत्य गवरी के मंचन से लोगों का मनोरंजन किया गया।

गणपति प्रतिमा के विसर्जन को लेकर शोभायात्रा दोपहर बाद जलचक्की से ढोल-नगाडों, बैण्ड और डीजे पर भजनों की धुनों के साथ रवाना हुई। इससे पूर्व गणपति प्रतिमा को आकर्षक श्रृंगार धराया गया और उनकी पूजा और महाआरती की गई। इसके बाद प्रतिमा को वाहन में विराजित किया गया। जेसी के राजा के साथ ही यहां स्थापित अन्य प्रतिमाएं भी शोभायात्रा में साथ ही विसर्जन के लिए ले जाई गई। शोभायात्रा जलचक्की से रवाना होकर कांकरोली पुराना बस स्टैण्ड, नया बाजार, चौपाटी, मुखर्जी चौराहा, मंदिर मार्ग से होकर प्रभुश्री द्वारकाधीश मंदिर पहुंची। यहां से प्रतिमाओं को नौ चौकी पर राजसमंद झील पर स्थित नगर परिषद के प्रतिमा को विसर्जन कुण्ड पर ले जाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना व आरती के बाद विसर्जन किया गया। शोभायात्रा में ढोल.नगाडों व डीजे पर भजनों की धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते चल रहे थे। साथ ही गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ और गणपति बप्पा मोरिया के जयकारे लगाते तथा गुलाल उडाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में विशाल नंदी-गणेश, राधा-कृष्ण, प्रभु श्रीराम, बाहुबली हनुमान, शाही लवाजमा, महाकाल की झांकी सहित कई आकर्षक झांकियां शामिल थीं।

इसके चलते पूरे मार्ग में जहां से भी शोभायात्रा निकली उसी मार्ग पर रास्ते में और घर की छतों आदि पर झांकियां व शोभायात्रा देखने के लिए लोगों की भीड जुट रही थी। वहीं रास्ते में जगह-जगह पर युवाओं ने अखाडा प्रदर्शन और हैरतअंगेज करतबों का प्रदर्शन भी किया। शोभायात्रा में ग्रुप अध्यक्ष व नगर परिषद सभापति अशोक टांक, संरक्षक रमेश मेवाडा, कृषि उपज मंडी कांकरोली के अध्यक्ष डालचंद कुमावत, पार्षद हेमंत रजक, प्रमोद बडारिया, चम्पालाल माली, विजय बहादुर जैन, युधिष्ठर बाहरा, कुशाल वसिटा, प्रभुसिंह, घनश्याम माली, कन्हैया कुमावत, सोनू कुमावत, राजू बैरवा, प्रद्युम्न सनाढ्य, आनंदसिंह चौहान, मुकेश नायक, धर्मेश बोलीवाल, जिब्राल, दिलीप गुर्जर सहित दर्जनों कार्यकर्ता पूरे मार्ग में व्यवस्थाओं की कमान सम्भालते हुए शोभायात्रा में तालमेल बनाए रखने में मुस्तैद थे। वहीं शोभयात्रा को देखने के लिए शहर के प्रमुख मार्ग पर बडी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं की भीड मौजूद थी।

### कार्यकारिणी का चयन

**डूंगरपुर,** (निसं)। श्री सकल दिगंबर जैन समाज शिवाजी नगर महिला मण्डल की नवीन कार्यकारिणी का चयन सर्व सम्मति से निर्मला भदावत की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर सरोज जैन, उपाध्यक्ष भद्रा जैन, महामंत्री भारती जैन, कोषाध्यक्ष गीता वागावत, सह सचिव पुष्पा चित्तौडा, सांकृतिक मंत्री दीप्ति , प्रवक्ता रुषना जैन, सह सांकृतिक मंत्री बुलबुल एवं डिम्पल बनाए गए।

## बुनकर समाज की बैठक

**बांसवाड़ा,** (निसं)। जिला बुनकर समाज विकास संस्थान की बैठक चुण्डा चोखला के बडी पडाल गांव के राधा कृष्ण मंदिर में चुनाव समिति के अध्यक्ष भगवतीलाल बुनकर के मुख्य आतिथ्य, समाजसेवी देवेंग भाई बडी पडाल की अध्यक्षता, जिलाध्यक्ष ललित कमाल एवं चुनाव अधिकारी रमेशचंद्र बलाई के विशिष्ट आतिथ्य में हुई।

शिक्षाविद् मोहनलाल देलवाडा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए समाज हित में सभी सदस्यों को समय दान करने, जिलाध्यक्ष ललित कमाल ने समाज को संगठित करने पर बल देते हुए कहा कि संगठन में बडी शक्ति है जो समाज संगठित है वे हर क्षेत्र में आगे बढ रहे है। विशिष्ट अतिथि रमेशचंद्र बलाई ने समाज में नशा मुक्ति पर बल देते हुए कहा कि नशा विकास में सबसे बडी बाधा है। मुख्य अतिथि भगवतीलाल बुनकर ने समाज के गांव इकाई से, चौखला स्तरीय व जिला स्तर पर होने वाले आगामी चुनाव के संदर्भ में नियमावली की जानकारी दी साथ ही चुण्डा चोखला के समस्त गांवों की कार्यकारिणी का गठन करने के लिए समय चक्र जारी किया।

## 'सामाजिक सौहार्द राष्ट्रीय एकता के लिए सर्वोपरि'

**राजसमंद,** (निसं)। लोक अधिकार मंच का वर्षा कालीन अधिवेशन सोमवार को हुआ। अधिवेशन में जनहित के मुद्दों पर चिंतन हुआ। आरक्षण एवं जातिगत जन गणना की समीक्षा हेतु समिति गठित की गई।

अधिवेशन को संबोधित करते हुए लोक अधिकार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट संपतलाल लड्ढा ने कहा कि सांप्रदायिक एवं जातीय, सामाजिक सौहार्द को बनाए रखना सबसे बडी राष्ट्रीय चुनौती बन गया है क्योंकि राष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य में येन केन प्रकारेन सत्ता को प्राप्त करने के प्रयासों में धार्मिक, जातिगत उन्माद फैलाया जा रहा है जो की यहां कि गौरवशाली देव संस्कृति एवं अनेकता में एकता पर भीषण कुठाराघात है। जो कि भविष्य में गृहयुद्ध के संकेत उतपन्न कर रहा है जिसे रोकने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आरक्षण एवं जातिगत जनगणना की समीक्षा करने के लिए 11 सदस्यी समिति गठित की। जिसकी अगुवाई राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोकी मोहन पुरोहित करेंगे। साथ ही लड्ढा ने कहा कि लोक अधिकार मंच ने राजसमंद झील का न्यूनतम भराव सीमा 15 फीट तक करवाने हेतु न्यायिक प्रशासनिक लडाई लडने का भी संकल्प दोहराया। प्रवक्ता एडवोकेट भरत कुमावत ने बताया अधिवेशन में राष्ट्रीय स्तर से लेकर तहसील स्तर तक महत्वपूर्ण संवेदनशील विषयों तथा प्रत्येक स्तर पर लाइफ लाइन के माध्यम से जनकल्याणकारी कार्यों को सूचीबद्ध किए जाने तथा लोक अधिकारों एवं नागरिक कर्तव्य निर्वाहन की स्थिति पर व्यापक चिंतन मनन करके महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। कुमावत ने बताया कि जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल त्रिपाठी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और लोक अधिकार मंच के कार्यों उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। जिसमें कैलाशपुरी एकलिंगनाथ के मंदिर के बाहर अतिक्रमण एवं अवैध पार्किंग, देलवाडा तालाब में बहाव क्षेत्र में बने मकानों की गन्दगी सीवरेज बहकर आने के कारण तालाब का प्रदूषित होने, नाथद्वारा में सिन्हाड तालाब में अतिक्रमण मुक्ति, नाथूवास तालाब में बने घरों के अतिक्रमण, देसूरी की नाल में होने वाली दुर्घटनाओं, कांकरोली में सडकों पर अतिक्रमण, झील में बढते प्रदूषण, उदयपुर में आयड नदी में फिजूलखर्ची, स्मार्ट सिटी के घटिया, खामीपूर्ण व अदूरदर्शिता पूर्वक बिछाई गयी सीवरेज लाइन सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों का चयन कर स्थानीय कार्यकारिणियों के माध्यम से समाधान के प्रयास सुनिश्चित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। अधिवेशन को राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदीश चंद्र स्वर्णकार, राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोकी मोहन पुरोहित, प्रदेश महासचिव एडवोकेट राकेश पालीवाल, संभागीय महिला अध्यक्ष बसंती वैष्णव, खमनोर तहसील अध्यक्ष देवी लाल सोनी, उदयपुर महिला नगर अध्यक्ष वीणा राजगुरु आदि ने भी सम्बोधित किया।


